ASIA PACK LIMITED
CIN : L74950RJ1985PLC003275

MIRAJ GROUP
SINCE 1987

REGISTERED OFFICE
3rd Floor, Miraj Campus, Uper Ki Oden, Nathdwara,
Rajsamand, Rajasthan, India, PIN-313301

1800 120 3699

www.asiapackltd.com

Ref.: **APL/SEC/BM/2024-25** Date: **14th November, 2024**

Corporate Relationship Department,
**BSE Limited,**
25th Floor, P J Towers, Dalal Street,
Mumbai, Maharashtra, India, PIN-400001
Email: corp.relations@bseindia.com, corp.compliance@bseindia.com
**Scrip Code:** 530899

Dear Sir / Madam,

**Subject:** Submission of unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2024, published in Newspaper

**Ref:** Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

With reference to above, please find enclosed the copy of newspaper advertisement dated 14th November, 2024, which was published in Newspapers Financial Express (in English) and Jai Rajasthan (in Hindi) edition with regard to the unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and Half year ended 30th September 2024 duly reviewed by Audit Committee and approved by Board of Directors at their meeting held on 13th November, 2024.

You are requested to take the same on records, upload at your website & intimate the same to the members of the Stock Exchange.

Thanking You,
Yours faithfully,
For **Asia Pack Limited**
Lakshit Samar
Digitally signed by Lakshit Samar
Date: 2024.11.14 13:09:39 +05'30'
Name: **Lakshit Samar**
Designation: **Company Secretary and Compliance Officer**
ICSI Membership No.: **A64788**

Encl.: a/a

## नशा मुक्ति पर कार्यशाला आयोजित



उदयपुर, (नसं)। ऐश्वर्या कॉलेज, उदयपुर में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत आरोग्य सेवा संस्थान द्वारा नशा मुक्ति पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। ऐश्वर्या पीजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ऋतु पालीवाल द्वारा नशे के खतरों और इसके समाज और परिवार पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा से हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आरोग्य सेवा संस्थान की ओर से श्री सुनील पंचोली और उनकी टीम मौजूद रहीं।

विशेषज्ञों ने बताया कि नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है, और इससे युवा अपनी शिक्षा और करियर को भी खतरे में डाल सकते हैं। सत्र में नशा मुक्ति के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और सफल जीवन जी सकते हैं। कुछ छात्रों ने नशा मुक्ति की प्रक्रिया के बारें में सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस दौरान नशा छोड़ने की इच्छाशक्ति और सकारात्मक आदतें विकसित करने के महत्व पर जोर दिया गया।

आरोग्य सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि वे युवाओं को नशामुक्त बनाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम चलाते हैं। उनका उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास करना और समाज को नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में सुनील पंचोली और उनकी टीम को महाविद्यालय की तरफ से स्मृति चिह्न भेट किया गया।

## पारस हेल्थ उदयपुर ने 100+ रोबोटिक घुटना सर्जरी, डॉ. आशीष सिंघल का सम्मान

उदयपुर, (निसं)। पारस हेल्थ उदयपुर ने 100 से अधिक सफल रोबोटिक घुटना सर्जरी की उपलब्धि के मौके पर वरिष्ठ सर्जन डॉ. आशीष सिंघल को सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि ने न्यूनतम इनवेसिव और सटीक सर्जरी से मरीजों को तेजी से रिकवरी में मदद पहुंचाई है।

इस कार्यक्रम में एंटी करप्शन ब्यूरो के डीआईजी राजेंद्र प्रसाद गोयल, उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद मीना, महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ और कुमावत वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिशंकर कुमावत समेत कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। डॉ. आशीष सिंघल के अनुसार, रोबोटिक तकनीक से घुटना सर्जरी अधिक सटीक, कम दर्दनाक और तेजी से रिकवरी में सहायक होती है। यह तकनीक सर्जन को इंप्लांट्स को बेहतर ढंग से एलाइन करने में मदद करती है, जिससे मरीजों को कम दर्द और जल्दी स्वस्थ होने का लाभ मिलता है। डॉ. सिंघल ने कहा - हमारा उद्देश्य मरीजों को कस्टमाइज्ड और प्रभावी इलाज देकर लंबे समय तक बेहतर परिणाम देना है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने पारस हेल्थ उदयपुर की पहल की सराहना की। डॉ. महेश चंद मीना ने कहा - आर्थोपेडिक देखभाल में पारस हेल्थ का नवाचार और मरीजों की गतिशीलता व स्वतंत्रता को बेहतर बनाने का समर्पण प्रशंसनीय है। अपने विचार व्यक्त करते हुए पारस हेल्थ उदयपुर के फेसिलिटी डायरेक्टर डॉ एबेल जॉर्ज ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा - हमारा मिशन ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है जो मरीज़ की भलाई और लॉन्गटर्म रिकवरी को प्राथमिकता देता हो। इस मामले में डॉ. सिंघल का काम हमारे मिशन को नए आयाम पर पहुंचाता है।

# गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा

### कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।



गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है।

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं।

आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा।

यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढ़ेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है। गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए।

लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य शृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। 'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं। सरकार के प्रयासों से गंगा के तटों का सौन्दर्यकरण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी सरकार ने एक सराहनीय पहल करके स्वच्छ गंगा कोष की स्थापना की है, जिसमें स्थानीय नागरिक व भारतीय मूल के विदेशी व्यक्ति और संस्थाएं आर्थिक, तकनीकी व अन्य सहयोग कर सकते हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें मिली विभिन्न भेंटों व स्मृति चिह्नों की नीलामी से प्राप्त 16 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि इसी कोष में दी है।

यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिराने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन ताजा स्थितियां एवं गंगा का प्रदूषण बताता है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है? नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीति इच्छाशक्ति एवं प्रशासनिक लापरवाही को ही दर्शाती है।

अन्यथा क्या कारण है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने के क्रम में सबसे ज्यादा जोर गंगा को स्वच्छ बनाने पर ही दिया गया, मगर इसका हासिल आज भी संतोषजनक नहीं है। सही मायनों में आज गंगा के उद्धार के लिये सरकार के साथ-साथ हर भारतीय को भगीरथ जैसा दायित्व निभाना होगा। तभी सदियों से अविरल बह रही जीवनदायी गंगा की प्रतिष्ठा एवं पवित्रता भी फिर से स्थापित हो सकेगी। फिर एनजीटी को यह न कहना पड़ेगा कि फलां जगह का गंगाजल आचमन करने लायक नहीं रह गया है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

उदयपुर। देव उठनी एकादशी पर हुआ भगवान जगदीशजी मन्दिर में हुआ तुलसी विवाह। इस दौरान निकली ठाकुरजी की बारात में उपस्थित श्रद्धालुजन। - फोटो- राजेन्द्र हिलोरिया




## एशिया पैक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, मिराज परिसर,
ऊपर की ओडन, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान, भारत, पिन-313301
CIN: L74950RJ1985PLC003275
टेलीफोन नंबरः 1800 120 3699, ई-मेलः lakshit.samar@mirajgroup.in, वेबसाइटः www.asiapackltd.com

**30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक के लिए अंनकेक्षित वित्तीय परिणाम का सारांश**

₹ लाख में ईपीएस को छोड़कर

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अर्द्धवार्षिक | | समाप्त वार्षिकी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सितंबर-24 अंनकेक्षित | जून-24 अंनकेक्षित | सितंबर-23 अंनकेक्षित | सितंबर-24 अंनकेक्षित | सितंबर-23 अंनकेक्षित | मार्च-24 अंकेक्षित |
| परिचालनों से कुल आय | 5.26 | 5.98 | 0.60 | 11.24 | 1.60 | 8.35 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, आपवादिक और / या असाधारण मदो से पूर्व) | 16.40 | 23.94 | 11.33 | 40.34 | 26.20 | 49.19 |
| अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ / (हानि) (आपवादिक और / या असाधारण मदो के बाद) | 16.40 | 23.94 | 11.33 | 40.34 | 26.20 | 49.19 |
| अवधि के लिए कर उपरांत शुद्ध लाभ / (हानि) (आपवादिक और / या असाधारण मदो के बाद) | 12.26 | 16.62 | 11.41 | 28.88 | 19.92 | 36.86 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ (हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत) सहित] | 12.26 | 16.62 | 11.41 | 28.88 | 19.92 | 1477.49 |
| समता अंश पूंजी | 263.74 | 263.74 | 263.74 | 263.74 | 263.74 | 263.74 |
| संचय (पुनर्मूल्यांकन संचय को छोड़कर) पूर्व वर्ष के लिए लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दिखाए गए अनुसार | - | - | - | - | - | 3120.70 |
| प्रति अंश अर्जन (ईपीएस) (रु 10 / - प्रत्येक) | | | | | | |
| मूल | 0.46 | 0.63 | 0.43 | 1.09 | 0.76 | 1.40 |
| तनुकृत | 0.46 | 0.63 | 0.43 | 1.09 | 0.76 | 1.40 |

टिप्पणीः-
1. उपरोक्त परिणाम, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल त्रैमासिक / अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। त्रैमासिक / अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.asiapackltd.com पर उपलब्ध है।
2. 30 सितंबर, 2024 को समाप्त उपरोक्त त्रैमासिक / अर्द्धवार्षिक के अंनकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है तथा 13 नवंबर, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

स्थान : नाथद्वारा
दिनांक : 13.11.2024

कृते एशिया पैक लिमिटेड
हस्ता/-
पुष्पेन्द्र जैन
निदेशक एवं सीएफओ
डिन : 03228950


## तकनीकी ज्ञान सहयोग व समन्वय को लेकर श्री श्री रविशंकर यूनिवर्सिटी एवं नर नारायण शास्त्री इंस्टीट्यूट में एमओयू

अहमदाबाद, 13 नवम्बर (निसं)। तकनीकी ज्ञान के क्षेत्र में नित नई संभावनाओं व अनुसंधान को लेकर सूचनाओं के आदान-प्रदान और ज्ञान के समन्वय व सहयोग के लिए देश की प्रतिष्ठित श्री श्री रविशंकर यूनिवर्सिटी एवं गुजरात के प्रख्यात नरनारायण शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के बीच आपसी सहयोग का एमओयू किया गया है द्य एमओयू संबंधी कार्य को श्री श्री रविशंकर एवं नरनारायण शास्त्री इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के शास्त्री पुरुषोत्तम प्रकाश स्वामी जी के द्वारा संपन्न किया गया।



इस दौरान नरनारायण शास्त्री संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेश वंडरा एवं श्री श्री रविशंकर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर तेज परताप मौजूद रहे द्य देश के प्रतिष्ठित दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के माध्यम से अब फॉरेंसिक साइंस एवं साइबर सिक्योरिटी संबंधी अध्ययन को लेकर आपसे आदान-प्रदान से नवीन अनुसंधान और नवाचारों को लेकर आपसी समन्वय व सहयोग के क्षेत्र में कार्य प्रगति होगी द्य इसके तहत दोनों संस्थाओं की गतिविधियों के अंतर्गत रिसर्च, फैकल्टी एक्सचेंज, वर्कशॉप एवं कॉन्फ्रेंस आयोजन आदि विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा द्य नर नारायण शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि फॉरेंसिक साइंस एवं डिजिटल साइबर से संबंधित गतिविधियां वर्तमान में तेजी से विकसित होता हुआ नया शिक्षा क्षेत्र है जहां पर अध्ययन की अनंत संभावनाएं हैं और यह समाज और राष्ट्र के हित में भी है जिससे नवीनतम तकनीकी सुविधाओं के माध्यम से अपराधों पर नियंत्रण मैं भी मदद मिल सकती है द्य

ध्यान रहे देश और गुजरात में तकनीकी शिक्षा के अग्रणी केंद्र नरनारायण शास्त्री इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के माध्यम से नवाचारों के उपयोग एवं प्रचार प्रसार के साथ तकनीकी ज्ञान, कार्य प्रणाली में गतिशीलता, नैतिक मूल्य व ज्ञान के व्यापक प्रचार हेतु प्रभावी कार्य किया जा रहा है द्य संस्थान अध्यनरत विद्यार्थियों को शैक्षिक मार्गदर्शन के साथ व्यक्तित्व विकास हेतु भी प्रेरित करता है तथा इससे संबंधित विभिन्न गतिविधियों का समय समय पर आयोजन किया जाता है द्य संस्थान में संचालित फॉरेंसिक साइंस एवं साइबर सिक्योरिटी संबंधी अध्ययन के तहत अपराध व्यवस्था के अध्ययन, उसकी समझ, रोकथाम और अपराधों से संबंधित गतिविधियों का पता लगाने के लिए भी सतत कार्यक्रमो का संचालन होता है द्य इंस्टिट्यूट में सुविधायुक्त लैब, नेटवर्किंग, क्रिएटिव गतिविधियों के आयोजन की संभावना के साथ सक्षम, योग्य और कुशल फैकल्टी की व्यवस्था उपलब्ध है जिससे संस्थान को बेहतर परिणाम नियमित रूप से मिलते हैं द्य संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए रहने की भी छात्रावास सुविधा उपलब्ध हैं

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन 2025 तक 3500 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस स्थापित करेगा

उदयपुर, (निसं)। एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर पहल 'परिवर्तन' के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से पूरे भारत में यंग माइंड्स के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को याद करते हुए बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर बैंक ने 'लिटिल स्माइल बिग ड्रीम्सथ' नामक एक डिजिटल अभियान शुरू किया है, जिसमें 'एचडीएफसी बैंक परिवर्तन' द्वारा समर्थित स्कूलों के प्रतिभाशाली युवा छात्रों को दिखाया गया है। पिछले 10 वर्षों में, परिवर्तन ने 2.16 करोड़ से अधिक छात्रों के जीवन को प्रभावित किया है, 20.22 लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है और 2.87 लाख से अधिक स्कूलों को सहायता प्रदान की है

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 2025 को देखते हुए, स्पष्ट उद्देश्य निर्धारित किए हैं, जिनमें यह सुनिश्चित करना कि स्कूलों में 20 लाख छात्र कक्षा-उपयुक्त सीखने के स्तर को प्राप्त करें। 3,500 स्कूलों में डिजिटल शिक्षा और प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करना एवं 25,000 वंचित छात्रों को सहायता प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना, ताकि निरंतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य तक पहुँच सुनिश्चित हो सके, इत्यादि शामिल है।

एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद एम भरुचा ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हम मानते हैं कि शिक्षा हमारे समुदायों के लिए एक उज्जवल और अधिक न्यायसंगत भविष्य की आधारशिला है। 'परिवर्तन' के तहत हमारी सीएसआर पहलों के माध्यम से हम शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और लचीले समुदायों को विकसित करने में मदद करने के लिए अपना काम कर रहे हैं। हम एक ऐसे भविष्य के निर्माण में निवेश कर रहे हैं जहाँ हर बच्चा बड़ा सपना देख सके और अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके। इस बाल दिवस पर, हम यंग माइंड्स को सशक्त बनाने, शिक्षकों को प्रेरित करने के कौशल से लैस करने और अधिक समावेशी और आशाजनक कल के लिए बुनियादी ढाँचा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, और हम उन्हें वे उपकरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनकी उन्हें आगे बढने के लिए आवश्यकता है। यह विश्वास हमें सरकारी निकायों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शैक्षिक संसाधन और सहायता उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## सांसद दामोदर लाल अग्रवाल एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने समोर बाग पहुंचकर दिवंगत पूर्व राजघराने के सदस्य स्वर्गीय महेंद्र सिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि

उदयपुर 13 नवंबर (नसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर लाल अग्रवाल ने समोर बाग स्थित विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ के निवास पहुंचे मेवाड़ राजघराने के पूर्व सदस्य पूर्व सांसद स्व महेन्द्रसिंहजी मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं विधायक श्री विश्वराजसिंह मेवाड़ और परिजनों को संबल प्रदान किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हरीराम रणवा शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर,उपमहापौर पारस सिंघवी,पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरसिंह पवार,महामंत्री गजपालसिंह राठौड़, प्रकाश चंद्र अग्रवाल, चंचलकुमार अग्रवाल किरणकुमार नागोरी,विक्रम अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।




**Wanted**

A computer expert with knowledge of English for two or three hours a day intermittently for few months.Good remuneration can be expected.

**Please contact :**
**Kumar Mudit 9824212496**
**LAKE GARDEN**
**GOVERDHAN VILAS, UDAIPUR**